दिनांक 10.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 अगस्त से 09 सितम्बर तक 115238 कूलर खाली कराये गये एवं 8654 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 126473 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 6321 स्थानों एवं 689 स्कूल, 536 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 809663 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 177818 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2358 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु होर्डिंग्स 204, कटआउट 1692 एवं फ्लैक्स 100, स्टैण्डिक होर्डिंग्स 75 विभिन्न क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 21 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार–प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है। अतिरिक्त 304 नग स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है।

आज दिनांक 09 सितम्बर 2018 को डेंगू के नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा अब तक 1006 कूलर खाली कराये गये एवं 60 कूलर को निकलवाया गया। 4900 स्थानों में स्प्रे पम्प से मैलाथियान/टेमिफास का छिड़काव, 197 स्थानों में एवं 23 स्कूल, 9 आंगनबाड़ी केन्द्रो में फागींग के धुएं का छिड़काव कराया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी